Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to provide a seperate column for Sarna religious code in Census 2021 to preserve Tribal languages.

श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम): सभापति महोदय, धन्यवाद । मैं आज आपको उन करोड़ों आदिवासियों की तरफ से भी धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे बोलने के लिए अवसर दिया ।

सभापति महोदय, बहुत दुख की बात है कि जो आदिवासी भारत के मूल निवासी हैं, आज उनका अस्तित्व खतरे में है । इनकी पहचान, इनकी संस्कृति और इनकी भाषा धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है । सरकार इस ओर गंभीर नहीं है । सिर्फ योजनाओं से उनका भला नहीं होने वाला है । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहती हूँ कि पिछले वर्ष झारखण्ड सरकार ने विधान सभा में सर्वसम्मति से सरना धर्म कोड के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूँ कि सरकार अपने आप को आदिवासियों का हितैषी मानती है, लेकिन सिर्फ मानने से कुछ नहीं होगा, बल्कि काम करने से होगा । आज देश के आदिवासी खतरे में हैं । अगर इनकी हासा-भाषा की रक्षा करनी है तो इनको 2021 की जनगणना के कॉलम में अलग धर्म कोड दिया जाए ।